This booklet contains **56** printed pages.
इस पुस्तिका में **56** मुद्रित पृष्ठ हैं ।

# ATA-19-I

**PAPER I / प्रश्न-पत्र I**

MAIN TEST BOOKLET / मुख्य परीक्षा पुस्तिका

**Test Booklet Code**
परीक्षा पुस्तिका संकेत

# C

**Test Booklet No.**
परीक्षा पुस्तिका संख्या

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।**

## *INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of **2½ hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue/Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page / marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is C. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions and each carries 1 mark :
   - Part-I : Child Development and Pedagogy (Q. Nos. 1-30)
   - Part-II : Mathematics (Q. Nos. 31-60)
   - Part-III : Environmental Studies (Q. Nos. 61-90)
   - Part-IV : Language I - (English/Hindi) (Q. Nos. 91-120)
   - Part-V : Language II - (English/Hindi) (Q. Nos. 121-150)
6. Part-IV contains 30 questions for Language-I and Part-V contains 30 questions for Language-II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language-I and/or Language-II is a language other than English or Hindi, please ask for a Supplement Test Booklet of C Code that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form. No change in languages is allowed.**
7. **Candidates are required to attempt questions in Language-II (Part-V) in a language other than the one chosen as Language-I (Part-IV) from the list of languages.**
8. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
9. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.
10. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions of questions/answers, English version will be taken as final.

## *परीक्षार्थियों के लिए निर्देश*

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि **2½ घंटे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं । कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. इस पुस्तिका का **संकेत** C है । यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है । यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं । अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V **हैं**, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न **हैं**, तथा प्रत्येक 1 अंक का है :
   - भाग-I : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र (प्रश्न सं. 1-30)
   - भाग-II : गणित (प्रश्न सं. 31-60)
   - भाग-III : पर्यावरण अध्ययन (प्रश्न सं. 61-90)
   - भाग-IV : भाषा-I (अंग्रेज़ी / हिन्दी) (प्रश्न सं. 91-120)
   - भाग-V : भाषा-II (अंग्रेज़ी / हिन्दी) (प्रश्न सं. 121-150)
6. भाग-IV में भाषा-I के लिए 30 प्रश्न और भाग-V में भाषा-II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं । इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं । **यदि भाषा-I और/या भाषा-II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है/हैं, तो कृपया C कोड वाली उस भाषा वाली परिशिष्ट परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए । जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए । भाषाओं का परिवर्तन अनुमन्य नहीं है ।**
7. **परीक्षार्थी भाषा-II (भाग-V) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा-I (भाग-IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो ।**
8. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें ।
9. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें । अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें । उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है ।
10. यदि अंग्रेज़ी और हिन्दी संस्करण के प्रश्नों/उत्तरों में कोई विसंगति हो तो अंग्रेज़ी संस्करण अंतिम माना जायेगा ।

# PART – I / भाग – I

## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

**Directions :** *Answer the following questions (Q. Nos. 1 to 30) by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

1. **Child-centered pedagogy promotes**
   (1) rote memorisation.
   (2) labelling and categorization of students base on ability.
   (3) exclusive reliance on text books.
   (4) giving primacy to children's experiences.

2. **Emotions and cognition are ________ each other.**
   (1) inter-woven with
   (2) not related to
   (3) completely separate from
   (4) independent of

3. **In the constructivist framework, learning is primarily**
   (1) acquired through conditioning.
   (2) focused on the process of meaning-making.
   (3) based on rote-memorization.
   (4) centered around reinforcement.

4. **'Naive theories' that children construct about various phenomenon**
   (1) should be 'replaced' by correct one through repetitive memorization.
   (2) should be challenged by presenting counter evidence and examples.
   (3) should be ignored by the teacher.
   (4) should be punished by the teacher.

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 1 से 30) के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे*** *उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

1. **छात्र केंद्रित शिक्षाशास्त्र की क्या विशेषता है ?**
   (1) यंत्रवत् याद करना
   (2) योग्यता के आधार पर विद्यार्थियों को नामांकित करना तथा वर्गीकरण करना
   (3) केवल पाठ्यपुस्तकों पर निर्भर होना
   (4) बच्चों के अनुभवों को प्रमुखता देना

2. **संवेग एवं संज्ञान एक दूसरे से ________ हैं।**
   (1) सन्निहित
   (2) संबंधित नहीं
   (3) पूर्णतया अलग
   (4) स्वतंत्र

3. **संरचनावादी ढाँचे में, अधिगम प्राथमिक रूप से**
   (1) अनुबंधन द्वारा अर्जित है।
   (2) अवबोधन की प्रक्रिया पर केंद्रित है।
   (3) यंत्रवत् याद करने पर आधारित है।
   (4) प्रबलन पर केंद्रित है।

4. **अनेक घटनाओं के बारे में बच्चों के द्वारा बनाए गए 'सहजानुभूत सिद्धांतों' के संदर्भ में एक शिक्षिका को क्या करना चाहिए ?**
   (1) बार-बार याद करने के द्वारा एक सही सिद्धांत से 'बदल' देना चाहिए।
   (2) प्रतिकूल प्रमाण एवं उदाहरणों को प्रस्तुत करके बच्चों के इन सिद्धान्तों को चुनौती देनी चाहिए।
   (3) बच्चों के इन सिद्धान्तों को अनदेखा करना चाहिए।
   (4) बच्चों को दंडित करना चाहिए।

5. **Repeatedly asking children to engage in learning activities either to avoid punishment or to gain a reward**

(1) would encourage children to focus on mastery rather than performance goals.

(2) decreases children's natural interest and curiosity involved in learning.

(3) decreases extrinsic motivation.

(4) increases intrinsic motivation.

6. **Which of the following statements about learning is correct from a constructivist perspective ?**

(1) Learning is conditioning of behaviours by repetitive association.

(2) Learning is the process of construction of knowledge by active engagement.

(3) Learning is the process of reproduction and recall.

(4) Learning is the process of rote memorization.

7. **Presenting students with clear examples and non-examples**

(1) causes gaps in their understanding of concepts.

(2) focuses on procedural knowledge rather than conceptual understanding.

(3) is an effective way to encourage conceptual change.

(4) leads to confusion in the minds of students.

5. **बच्चों को अधिगम गतिविधियों में भागीदारी करने के लिए लगातार पुरस्कार देना व दंड का प्रयोग करने से क्या प्रभाव पड़ता है ?**

(1) यह बच्चों को प्रदर्शन आधारित लक्ष्यों के बजाय निपुणता पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित करेगा ।

(2) अधिगम में बच्चों की स्वाभाविक अभिरुचि तथा जिज्ञासा कम होती है ।

(3) बाहरी अभिप्रेरणा कम होती है ।

(4) आंतरिक अभिप्रेरणा बढ़ती है ।

6. **संरचनावादी सिद्धान्तों के अनुसार अधिगम के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है ?**

(1) अधिगम आवृत्तीय संबंध के द्वारा व्यवहारों का अनुबंधन है ।

(2) अधिगम सक्रिय विनियोजन के द्वारा ज्ञान की संरचना की प्रक्रिया है ।

(3) अधिगम पुनरुत्पादन एवं स्मरण की प्रक्रिया है ।

(4) अधिगम यंत्रवत् याद करने की प्रक्रिया है ।

7. **विद्यार्थियों को स्पष्ट उदाहरण एवं गैर-उदाहरण देने के क्या परिणाम है ?**

(1) यह अवधारणाओं की समझ में अभाव पैदा करता है ।

(2) यह अवधारणात्मक समझ के बजाय कार्यविधिक/प्रक्रियात्मक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करता है ।

(3) अवधारणात्मक परिवर्तनों को प्रोत्साहित करने के लिए यह एक प्रभावशाली तरीका है ।

(4) यह विद्यार्थियों के दिमाग मे भ्रांतियाँ उत्पन्न करता है ।

8. A primary school teacher can encourage children to become effective problem solvers by

(1) dismissing and penalizing 'incorrect answers'.

(2) encouraging children to make intuitive guesses and then brainstorming on the same.

(3) offering materialistic rewards for every small tasks.

(4) emphasizing only on procedural knowledge.

9. Which of the following practices promote meaningful learning ?

(i) Corporal punishment

(ii) Co-operative learning environment

(iii) Continuous and comprehensive evaluation

(iv) Constant comparative evaluation

(1) (i), (ii), (iii)

(2) (ii), (iii), (iv)

(3) (i), (ii)

(4) (ii), (iii)

10. How can teachers facilitate understanding of complex concepts in children ?

(1) By repetitive mechanical drill

(2) By providing opportunities for exploration and discussion

(3) By delivering a lecture

(4) By organizing competitive events

8. एक प्राथमिक विद्यालय की अध्यापिका बच्चों को एक प्रभावशाली समस्या-समाधानकर्ता बनने के लिए किस प्रकार से प्रोत्साहित कर सकती है ?

(1) 'गलत उत्तरों' को अस्वीकार करके एवं दंडित करके ।

(2) बच्चों को सहजानुभूत अनुमान लगाने के लिए प्रोत्साहित करके तथा उसी पर आधारित विचार मंथन करके ।

(3) प्रत्येक छोटे कार्य के लिए भौतिक पुरस्कार देकर ।

(4) केवल प्रक्रियात्मक ज्ञान पर बल/महत्त्व देकर ।

9. निम्नलिखित में से कौन सी प्रथाएँ सार्थक अधिगम को बढ़ावा देती हैं ?

(i) शारीरिक दंड

(ii) सहयोगात्मक अधिगम पर्यावरण

(iii) सतत् एवं समग्र मूल्यांकन

(iv) निरंतर तुलनात्मक मूल्यांकन

(1) (i), (ii), (iii)

(2) (ii), (iii), (iv)

(3) (i), (ii)

(4) (ii), (iii)

10. शिक्षक बच्चों की जटिल अवधारणाओं की समझ को किस प्रकार सहज कर सकते हैं ?

(1) बार-बार यांत्रिक अभ्यास के द्वारा ।

(2) अन्वेषण एवं परिचर्चा के लिए अवसर उपलब्ध करके ।

(3) एक व्याख्यान देकर के ।

(4) प्रतियोगितात्मक अवसरों की व्यवस्था करके ।

11. **The primary cause of individual variations is**

(1) the environmental influences.

(2) the complex interplay between the heredity and the environment.

(3) the genetic code received by the individuals from birth parents.

(4) the inborn characteristics.

12. **Which of the following are examples of secondary socializing agency ?**

(1) School and media

(2) Media and neighbourhood

(3) Family and neighbourhood

(4) Family and media

13. **In which of the following periods does physical growth and development occur at a rapid pace ?**

(1) Middle childhood and adolescence

(2) Adolescence and adulthood

(3) Infancy and early childhood

(4) Early childhood and middle childhood

14. **Which of the following is NOT a principle of development ?**

(1) Development is influenced by both heredity and environment.

(2) Development is universal and cultural contents do not influence it.

(3) Development is lifelong.

(4) Development is modifiable.

11. **वैयक्तिक विभिन्नताओं का प्राथमिक कारण क्या है ?**

(1) पर्यावरणीय प्रभाव

(2) आनुवंशिकता एवं पर्यावरण के बीच जटिल पारस्परिक क्रिया ।

(3) लोगों के द्वारा माता-पिता से प्राप्त आनुवंशिक संकेत पद्धति (कोड)

(4) जन्मजात विशेषताएँ

12. **निम्नलिखित में से कौन सा द्वितीयक सामाजीकरण एजेन्सी का उदाहरण है ?**

(1) विद्यालय एवं मीडिया

(2) मीडिया एवं पास-पड़ोस

(3) परिवार एवं पास-पड़ोस

(4) परिवार एवं मीडिया

13. **निम्नलिखित अवधि में से किसमें शारीरिक वृद्धि एवं विकास तीव्र गति से घटित होता है ?**

(1) मध्य बाल्यावस्था एवं किशोरावस्था

(2) किशोरावस्था एवं वयस्कता

(3) शैशवावस्था एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था

(4) प्रारंभिक बाल्यावस्था एवं मध्य बाल्यावस्था

14. **निम्नलिखित में से कौन सा विकास का सिद्धांत नहीं है ?**

(1) विकास आनुवंशिकता एवं पर्यावरण दोनों के द्वारा प्रभावित होता है ।

(2) विकास सार्वभौमिक है तथा सांस्कृतिक संदर्भ इसे प्रभावित नहीं करते ।

(3) विकास जीवनपर्यन्त होता है ।

(4) विकास परिवर्त्य होता है ।

15. During classroom discussions, a teacher often pays more attention to boys than girls. This is an example of

(1) Gender relevance.

(2) Gender constancy.

(3) Gender bias.

(4) Gender identity.

16. Which of the following is an effective strategy to reduce children's gender stereotyping and gender-role conformity ?

(1) Gender-segregated play groups

(2) Gender-segregated seating arrangement

(3) Discussion about gender bias

(4) Emphasizing gender-specific roles

17. Which of the following theorists while viewing children as active seekers of knowledge emphasized the influence of social and cultural contents on their thinking ?

(1) Jean Piaget

(2) Lawrence Kohlberg

(3) John B. Watson

(4) Lev Vygotsky

18. The most critical period of acquisition and development of language is

(1) middle childhood.

(2) adolescence.

(3) pre-natal period.

(4) early childhood.

19. Which of the following is a stage of moral development proposed by Lawrence Kohlberg ?

(1) Concrete operational stage

(2) Industry vs. Inferiority stage

(3) Latency Stage

(4) The social contract orientation

15. कक्षा में परिचर्चा के दौरान एक शिक्षक प्राय: लड़कियों की तुलना में लड़कों पर अधिक ध्यान देता है । यह किसका उदाहरण है ?

(1) जेंडर संबद्धता

(2) जेंडर समरूपता

(3) जेंडर पक्षपात

(4) जेंडर पहचान

16. बच्चों में जेंडर रूढ़िवादिता एवं जेंडर-भूमिका अनुरूपता को कम करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी पद्धति प्रभावशाली है ?

(1) जेंडर-पृथक खेल समूह बनाना ।

(2) जेंडर-पृथक बैठने की व्यवस्था करना ।

(3) जेंडर-पक्षपात के बारे में परिचर्चा ।

(4) जेंडर-विशिष्ट भूमिकाओं को महत्त्व देना ।

17. निम्नलिखित में से किस मनोवैज्ञानिक ने बच्चों को ज्ञान के सक्रिय जिज्ञासु के रूप में देखते हुए उनके चिंतन पर सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषय वस्तुओं के प्रभाव को महत्त्व दिया ?

(1) ज्रीन पियाज़े

(2) लॉरेंस कोलबर्ग

(3) जॉन बी. वाट्सन

(4) लेव वायगोट्स्की

18. भाषा के अर्जन एवं विकास के लिए सर्वाधिक संवेदनशील अवधि कौन सी है ?

(1) मध्य बाल्यावस्था

(2) किशोरावस्था

(3) जन्म पूर्व अवधि

(4) प्रारंभिक बाल्यावस्था

19. निम्नलिखित में से कौन सी लॉरेंस कोलबर्ग के द्वारा प्रस्तावित नैतिक विकास की एक अवस्था है ?

(1) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था

(2) उद्योग बनाम अधीनता अवस्था

(3) प्रसुप्ति अवस्था

(4) सामाजिक अनुबंध अभिविन्यास

20. Which of the following behaviours characterize the 'concrete operational stage' as proposed by Jean Piaget ?

(1) Deferred imitation; object permanence

(2) Make-believe play; irreversibility of thought

(3) Hypothetico-deduction reasoning; propositional thought

(4) Conservation; class inclusion

21. Which of the following is a Piagetian construct in the context of cognitive development of children ?

(1) Conditioning

(2) Reinforcement

(3) Schemas

(4) Observational learning

22. While working on a jig-saw puzzle, 5 years old Najma says to herself, "Where is the blue piece ? No, not this one, darker one that would go here and make this shoe".

This kind of talk is referred to by Vygotsky as

(1) scaffolding.

(2) egocentric speech.

(3) private speech.

(4) talk aloud.

23. Giving cues to children and offering support as and when needed is an example of

(1) modelling.

(2) scaffolding.

(3) reinforcement.

(4) conditioning.

20. निम्नलिखित व्यवहारों में से कौन सा ज्याँ पियाजे के द्वारा प्रस्तावित 'मूर्त संक्रियात्मक अवस्था' को विशेषित करता है ?

(1) आस्थगित अनुकरण; पदार्थ स्थायित्व

(2) प्रतीकात्मक खेल; विचारों की अनुत्क्रमणीयता

(3) परिकल्पित-निगमनात्मक तर्क; साध्यात्मक विचार

(4) संरक्षण; कक्षा समावेशन

21. बच्चों के संज्ञानात्मक विकास के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सी पियाजे की संरचना है ?

(1) अनुबंधन

(2) प्रबलन

(3) स्कीमा

(4) अवलोकन अधिगम

22. जिग-सॉं पहेली को करते समय 5 वर्ष की नज्मा स्वयं से कहती है, "नीला टुकड़ा कहाँ है ? नहीं, यह वाला नहीं, गाढ़े रंग वाला जिससे यह जूता पूरा बन जाएगा"।

इस प्रकार की वार्ता को वायगोट्स्की किस तरह संबोधित करते हैं ?

(1) पाड़ (ढाँचा)

(2) आत्मकेन्द्रित वार्ता

(3) व्यक्तिगत वार्ता

(4) जोर से बोलना

23. बच्चों को संकेत देना तथा आवश्यकता पड़ने पर सहयोग प्रदान करना, निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है ?

(1) मॉडलिंग

(2) पाड़ (ढाँचा)

(3) प्रबलन

(4) अनुबंधन

24. Ruhi always thinks of multiple solutions to a problem many of which are original solutions. Ruhi is displaying characteristics of a/an

(1) rigid thinker.

(2) egocentric thinker.

(3) creative thinker.

(4) convergent thinker.

25. Primary objective of Assessment should be

(1) labelling students as per their score.

(2) marking pass or fail in the report cards.

(3) assigning rank to students.

(4) understanding children's clarity and confusions about related concepts.

26. Which of the following statements about intelligence is correct ?

(1) Intelligence is a unitary factor and a single trait.

(2) Intelligence is multi-dimensional and a set of complex abilities.

(3) Intelligence is a fixed ability determined at the time of birth only.

(4) Intelligence can be accurately measured and determined by using standardized tests.

24. रूही हमेशा समस्या के एकाधिक समाधानों के बारे में सोचती है । इनमें से काफी समाधान मौलिक होते हैं । रूही किन गुणों का प्रदर्शन कर रही है ?

(1) अनम्य विचारक

(2) आत्म-केन्द्रित विचारक

(3) सृजनात्मक विचारक

(4) अभिसारिक विचारक

25. आकलन का प्राथमिक उद्देश्य क्या होना चाहिए ?

(1) विद्यार्थियों के प्राप्तांकों के आधार पर उनको नामांकित करना ।

(2) रिपोर्ट कार्ड में उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण अंकित करना ।

(3) विद्यार्थियों के लिए श्रेणी निश्चित करना ।

(4) संबंधित अवधारणाओं के बारे में बच्चों की स्पष्टता तथा भ्रांतियों को समझना ।

26. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा बुद्धि के बारे में सही है ?

(1) बुद्धि एक एकात्मक कारक तथा एक एकाकी विशेषक है ।

(2) बुद्धि बहु-आयामी है तथा जटिल योग्यताओं का एक समूह है ।

(3) बुद्धि एक निश्चित योग्यता है जो जन्म के समय ही निर्धारित होती है ।

(4) बुद्धि को मानकीकृत परीक्षणों के प्रयोग से सटीक रूप से मापा एवं निर्धारित किया जा सकता है ।

**27. The primary characteristic of children with 'dyslexia' includes**

(1) inability to read fluently.

(2) engaging in repetitive locomotor actions.

(3) attention deficit disorders.

(4) divergent thinking; fluency in reading.

**28. The concept of 'Inclusive Education' as advocated in the Right to Education Act, 2009 is based on**

(1) a rights-based humanistic perspective.

(2) mainstreaming of the disabled by offering them primarily vocational education.

(3) the behaviouristic principles.

(4) a sympathetic attitude towards disabled.

**29. In a situation of less participation of students belonging to a deprived group in teaching – learning process, a teacher should**

(1) lower her expectations from such students.

(2) reflect on her own teaching and find ways to improve student's involvement.

(3) ask the children to withdraw from school.

(4) accept this situation as it is.

**30. In an inclusive classroom, a teacher ________ Individualized Education Plans.**

(1) should actively prepare

(2) should discourage the preparation of

(3) should not prepare

(4) should occasionally prepare

**27. 'पठनवैफल्य' बच्चों के प्राथमिक लक्षण क्या हैं ?**

(1) धाराप्रवाह पढ़ने की अक्षमता

(2) एक ही गतिविषयक कार्य को बार-बार दोहराना

(3) न्यून-अवधान विकार

(4) अपसारी चिंतन; पढ़ने में धाराप्रवाहिता

**28. शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 में उल्लेख की गई 'समावेशी शिक्षा' की अवधारणा निम्नलिखित में किस पर आधारित है ?**

(1) अधिकार-आधारित मानवतावादी परिप्रेक्ष्य

(2) मुख्यत: व्यावसायिक शिक्षा उपलब्ध करा करके अशक्त बच्चों को मुख्यधारा में शामिल करना

(3) व्यवहारवादी सिद्धांत

(4) अशक्त बच्चों के प्रति एक सहानुभूतिक अभिवृत्ति

**29. शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में, वंचित समूह से संबंधित विद्यार्थियों के द्वारा सहभागिता कम होने की स्थिति में एक शिक्षक को क्या करना चाहिए ?**

(1) इन विद्यार्थियों से अपनी अपेक्षाओं को कम करना चाहिए।

(2) अपनी शिक्षण पद्धति पर विचार करना चाहिए तथा बच्चों की सहभागिता में सुधार करने के लिए नए तरीके ढूँढ़ने चाहिए।

(3) बच्चों को विद्यालय छोड़ने के लिए कहना चाहिए।

(4) इस स्थिति को जैसी है, स्वीकार कर लेना चाहिए।

**30. एक समावेशी कक्षा में, एक शिक्षक को विशिष्ट शैक्षिक योजनाओं को**

(1) सक्रिय रूप से तैयार करना चाहिए।

(2) तैयार करने के लिए हतोत्साहित होना चाहिए।

(3) तैयार नहीं करना चाहिए।

(4) कभी-कभी तैयार करना चाहिए।

## PART – II / भाग – II
## MATHEMATICS / गणित

*Directions : Answer the following questions by selecting the correct/most appropriate options.*

**31. Which of the following can NOT be considered a feature of a constructivist Mathematics classroom ?**

(1) Objective type test items are used as the primary means of assessment.

(2) Connections between Mathematics and other curricular areas are highlighted.

(3) The role of language and dialogue in learning Mathematics is given due attention.

(4) The teacher acknowledges that students may construct multiple understandings from a given interaction.

**32. Which of the following statements is in agreement with the constructionist view of Mathematics ?**

(1) Mathematics is entirely objective.

(2) Visualisation is an important aspect of Mathematics.

(3) Mathematics is about learning facts.

(4) Mathematicians are required to discover the 'truths'.

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

**31. निम्नलिखित में से किसे संरचनात्मक (रचनावादी) गणितीय कक्षा कक्ष का लक्षण नहीं माना जा सकता है ?**

(1) प्राथमिक स्तर पर आकलन के लिए विषयपरक प्रकार की परीक्षा का उपयोग किया जाता है।

(2) गणित और दूसरे पाठ्येतर क्षेत्रों के बीच के संबंधों को उजागर किया जाता है।

(3) गणित के अधिगम में भाषा और संवादों की भूमिका पर उचित ध्यान दिया जाता है।

(4) अध्यापक स्वीकार करता है कि दी गई अन्योन्य क्रिया को विभिन्न विद्यार्थी अलग-अलग प्रकार से समझ सकते हैं।

**32. निम्नलिखित में से कौन से कथन की सहमति गणित के संरचनात्मक (रचनावादी दृष्टिकोण) से की जा सकती है ?**

(1) गणित पूर्णतया विषयपरक है।

(2) मानसदर्शन गणित का महत्त्वपूर्ण पहलू है।

(3) गणित तथ्यों को सीखने के बारे में है।

(4) गणितज्ञों से सच्चाई का आविष्कार अपेक्षित होना चाहिए।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

33. **Which of the following activities is best suited for the development of spatial understanding among children ?**

(1) Noting the time of moon rise

(2) Representing numbers on a number line

(3) Drawing the top view of a bottle

(4) Locating cities on a map

34. **Which of the following is NOT true with respect to the learning of Mathematics ?**

(1) Students' socio-economic background impacts their performance in Mathematics.

(2) School's language of instruction can impact a child's performance in Mathematics.

(3) Ability to perform and excel in Mathematics is innate.

(4) Teachers' beliefs about learners have powerful impact on learning outcomes.

33. **निम्नलिखित में से कौन सा क्रियाकलाप बच्चों में त्रिविम समझ को विकसित करने के लिए अधिक उपयुक्त है ?**

(1) चंद्रमा के उदय होने का समय लिखना ।

(2) संख्याओं को संख्या रेखा पर निरूपित करना ।

(3) बोतल के ऊपरी दृश्य को चित्रित करना ।

(4) मानचित्र पर शहरों का स्थान निर्धारण करना ।

34. **गणित के अधिगम के संबंध में निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है ?**

(1) विद्यार्थियों की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि का गणित के निष्पादन पर असर होता है ।

(2) विद्यालय में दिए जाने वाले निर्देशों की भाषा का असर बच्चे के गणित के प्रदर्शन पर हो सकता है ।

(3) गणित में उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रतिभा स्वाभाविक होती है ।

(4) अध्यापक के सीखने वालों के प्रति विचारों का अधिगम परिणामों पर प्रभावशाली असर होता है ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

35. Identify the type of the following word problem :

"I have 6 pencils. Manish has two more than me. How many pencils does Manish have ?"

(1) Takeaway addition

(2) Takeaway subtraction

(3) Comparison addition

(4) Comparison subtraction

36. Which of the following is NOT true of the Hindu-Arabic system of numeration ?

(1) It follows the base 2 system.

(2) It is multiplicative in nature.

(3) The position of a digit in a number dictates its value.

(4) It is additive in nature.

35. निम्नलिखित शाब्दिक समस्या के प्रकार को पहचानिए।

मेरे पास 6 पेंसिल हैं। मनीष के पास मेरे से दो अधिक हैं। मनीष के पास कितनी पेंसिल हैं ?

(1) व्यवकलित जमा

(2) व्यवकलित घटा

(3) तुलनात्मक जमा

(4) तुलनात्मक घटा

36. हिंदू-अरबी गणना-प्रणाली के लिए निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है ?

(1) इसमें आधार 2 की प्रणाली का पालन किया जाता है।

(2) यह गुणनात्मक प्रकृति का है।

(3) एक संख्या में अंक की स्थिति इसका मान बताती है।

(4) यह योगात्मक प्रकृति का है।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

39. The price list of vegetables in a super market is given as follows :

| Item | Quantity | Price (₹) |
|---|---|---|
| Tomato | 1 kg | 40 |
| Potato | 2 kg | 25 |
| Carrot | 250 g | 20 |
| Bottlegourd | 1 kg | 10 |
| Chillies | 100 g | 10 |
| Lemon | 4 pieces | 10 |

Sanjay buys $\frac{1}{2}$ kg tomatoes, 1 kg potatoes, $\frac{1}{2}$ kg carrot, 250 g chillies and 6 lemons. He gives a note of ₹ 200 to the bill clerk at the counter. How much money will he get back ?

(1) ₹ 86.50

(2) ₹ 97.50

(3) ₹ 112.50

(4) ₹ 87.50

39. सुपर बाज़ार में सब्जियों की मूल्य सूची निम्नलिखित है :

| वस्तु | मात्रा | मूल्य (₹ में) |
|---|---|---|
| टमाटर | 1 kg | 40 |
| आलू | 2 kg | 25 |
| गाजर | 250 g | 20 |
| लौकी | 1 kg | 10 |
| मिर्च | 100 g | 10 |
| नींबू | 4 नग | 10 |

संजय ने $\frac{1}{2}$ kg टमाटर, 1 kg आलू, $\frac{1}{2}$ kg गाजर, 250 g मिर्च और 6 नींबू खरीदे । उसने बिल क्लर्क को काउंटर पर ₹ 200 का नोट दिया । उसे कितने रुपये वापिस मिलेंगे ?

(1) ₹ 86.50

(2) ₹ 97.50

(3) ₹ 112.50

(4) ₹ 87.50

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

40. • I am a 2 digit number.
• The digit in tens place and the digit in units place are consecutive prime numbers.
• The sum of digits is multiple of 3 and 4.

The number is
(1) 35
(2) 13
(3) 57
(4) 23

41. The parking rates of car in a railway station parking are depicted as follows :
(a) Upto 2 hrs – ₹ 50
(b) More than 2 hrs and upto 5 hrs – ₹ 75
(c) After 5 hrs – ₹ 10 per extra hour upto 8 hrs.
(d) More than 8 hrs and upto 12 hrs – ₹ 150
(e) More than 12 hrs and upto 24 hrs – ₹ 250

Rajeev parks his car at 7.00 a.m. and comes back to pick it up at 4.30 p.m. on the same day. How much money does he have to pay ?
(1) ₹ 130
(2) ₹ 100
(3) ₹ 135
(4) ₹ 150

40. • मैं एक दो अंकों की संख्या हूँ ।
• दहाई के स्थान पर अंक और इकाई के स्थान पर अंक क्रमिक अभाज्य संख्याएँ हैं ।
• अंकों का योग 3 और 4 का गुणज है ।

संख्या है :
(1) 35
(2) 13
(3) 57
(4) 23

41. एक रेलवे स्टेशन पर कार पार्किंग की पार्किंग दर निम्न रूप से चित्रित की गई है :
(a) 2 घण्टे तक – ₹ 50
(b) 2 घण्टे से ऊपर और 5 घण्टे तक – ₹ 75
(c) 5 घण्टे के पश्चात – 8 घण्टे तक प्रति अतिरिक्त घण्टा ₹ 10
(d) 8 घण्टे से ऊपर और 12 घण्टे तक – ₹ 150
(e) 12 घण्टे से ऊपर और 24 घंटे तक – ₹ 250

राजीव ने अपनी कार को 7.00 a.m. पर पार्क किया और उसे उसी दिन ही लेने वह 4.30 p.m. पर आया । उसे कितने रुपए का भुगतान करना होगा ?
(1) ₹ 130
(2) ₹ 100
(3) ₹ 135
(4) ₹ 150

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

42. Which of the following is at third place when the numbers are arranged in ascending order ?

7.07, 7.70, 7.707, 7.007, 0.77

(1) 7.07

(2) 7.707

(3) 7.70

(4) 7.007

43. In a five digit number, the digit at ten's place is 8, digit at units place is one-fourth of the digit at ten's place, the digit at thousands place is 0, digit at hundreds place is twice that of units place and the digit at ten thousands place is thrice the digit at unit's place. What is the number ?

(1) 46028

(2) 60482

(3) 64082

(4) 64028

42. आरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर निम्नलिखित में से कौन सी संख्या तृतीय स्थान पर होगी ?

7.07, 7.70, 7.707, 7.007, 0.77

(1) 7.07

(2) 7.707

(3) 7.70

(4) 7.007

43. एक पाँच अंकों की संख्या में, दहाई के स्थान का अंक 8, इकाई के स्थान का अंक दहाई के स्थान के अंक का एक-चौथाई, हज़ार के स्थान का अंक 0, सौवें स्थान का अंक इकाई के स्थान का दुगुना और दस हज़ारवें स्थान का अंक इकाई के स्थान का तिगुना है। संख्या क्या है ?

(1) 46028

(2) 60482

(3) 64082

(4) 64028

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

44. Three brands of pens A, B and C are available in packets of 10, 12 and 24 respectively. If a shopkeeper wants to buy equal number of pens of each brand, what is the minimum number of packets of each brand, he should buy ?

(1) A = 10, B = 5, C = 12

(2) A = 12, B = 10, C = 5

(3) A = 10, B = 12, C = 5

(4) A = 5, B = 12, C = 10

45. The side of a square is 4 cm. It is cut into 4 equal squares. What is the area of each small square ?

(1) 16 $cm^2$

(2) 8 $cm^2$

(3) 4 $cm^2$

(4) 1 $cm^2$

44. तीन ब्रांड A, B तथा C के पेन क्रमशः 10, 12 और 24 के पैकेटों में उपलब्ध हैं । यदि एक दुकानदार को तीनों प्रकार के पेन समान संख्या में खरीदने हैं, तो उसके द्वारा खरीदे जाने वाले पैकेटों की न्यूनतम संख्या क्या होगी ?

(1) A = 10, B = 5, C = 12

(2) A = 12, B = 10, C = 5

(3) A = 10, B = 12, C = 5

(4) A = 5, B = 12, C = 10

45. एक वर्ग की भुजा 4 cm है । इसे काट कर 4 बराबर वर्गों में विभाजित किया गया है । प्रत्येक छोटे वर्ग का क्षेत्रफल क्या होगा ?

(1) 16 $cm^2$

(2) 8 $cm^2$

(3) 4 $cm^2$

(4) 1 $cm^2$

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

46. Ayesha has only ₹ 5 and ₹ 10 coins with her. If the total number of coins she has is 25 and the amount of money with her is ₹ 160, then the number of ₹ 5 and ₹ 10 coins with her are

(1) 15 and 10 respectively
(2) 20 and 5 respectively
(3) 18 and 7 respectively
(4) 10 and 15 respectively

47. Which of the following statements is not correct ?

(1) A prime number has only two factors.
(2) There are only four single digit prime numbers.
(3) All prime numbers are odd numbers.
(4) There are infinitely many prime numbers.

48. A number that is divisible by all the numbers from 1 to 10 (both inclusive) is

(1) 604
(2) 2520
(3) 10
(4) 100

46. आयशा के पास केवल ₹ 5 और ₹ 10 के सिक्के हैं । यदि उसके पास सिक्कों की कुल संख्या 25 और ₹ 160 का धन है, तो उसके पास ₹ 5 और ₹ 10 के सिक्कों की संख्या है :

(1) क्रमश: 15 और 10
(2) क्रमश: 20 और 5
(3) क्रमश: 18 और 7
(4) क्रमश: 10 और 15

47. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) अभाज्य संख्याओं के केवल दो गुणनखण्ड होते हैं ।
(2) एक अंक वाली केवल चार अभाज्य संख्याएँ हैं ।
(3) सभी अभाज्य संख्याएँ विषम संख्याएँ होती हैं ।
(4) अभाज्य संख्याएँ अपरिमित रूप से अनेक हैं ।

48. वह संख्या जो 1 से 10 (दोनों सम्मिलित) तक सभी संख्याओं से विभाज्य होगी, निम्न है :

(1) 604
(2) 2520
(3) 10
(4) 100

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

49. Evaluate :

$17.5 \times 3 - 21 \div 7 - 3 \times 12.5$

(1) 120

(2) 50

(3) 52.5

(4) 12

50. One-sixth of the trees in a garden are neem trees. Half of the trees are Ashoka trees and the remaining are eucalyptus trees. If the number of neem trees is five, how many eucalyptus trees are there in the garden ?

(1) 15

(2) 20

(3) 5

(4) 10

49. मान ज्ञात कीजिए :

$17.5 \times 3 - 21 \div 7 - 3 \times 12.5$

(1) 120

(2) 50

(3) 52.5

(4) 12

50. एक बाग के वृक्षों में नीम के वृक्षों की संख्या एक-छठवाँ भाग है । आधे वृक्ष अशोक के हैं और शेष यूकेलिप्टस के हैं । यदि नीम के वृक्षों की संख्या 5 है, तो बाग में यूकेलिप्टस के कितने वृक्ष हैं ?

(1) 15

(2) 20

(3) 5

(4) 10

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

51. A train leaves Delhi on 29th August, 2019 at 16 : 30 hours and reaches its destination on 31st August at 08 : 45 hours. The total travel time of the journey is

(1) 39 hours 45 minutes

(2) 40 hours 15 minutes

(3) 36 hours 15 minutes

(4) 38 hours 45 minutes

51. एक रेलगाड़ी दिल्ली से 29 अगस्त, 2019 को 16 : 30 बजे प्रस्थान करती है और अपने गंतव्य पर 31 अगस्त को 08 : 45 बजे पहुँचती है। इस यात्रा का कुल समय है

(1) 39 घंटे 45 मिनट

(2) 40 घंटे 15 मिनट

(3) 36 घंटे 15 मिनट

(4) 38 घंटे 45 मिनट

52. In which of the following, lengths have been arranged in decreasing order ?

(1) 8 m, 80 dm 8 cm, 8500 mm, 800 cm 8 mm

(2) 8500 mm, 80 dm 8 cm, 800 cm 8 mm, 8 m

(3) 8500 mm, 800 cm 8 mm, 80 dm 8 cm, 8 m

(4) 80 dm 8 cm, 8500 mm, 8 m, 800 cm 8 mm

52. निम्नलिखित में से किसमें लम्बाइयों को घटते क्रम में व्यवस्थित किया गया है ?

(1) 8 m, 80 dm 8 cm, 8500 mm, 800 cm 8 mm

(2) 8500 mm, 80 dm 8 cm, 800 cm 8 mm, 8 m

(3) 8500 mm, 800 cm 8 mm, 80 dm 8 cm, 8 m

(4) 80 dm 8 cm, 8500 mm, 8 m, 800 cm 8 mm

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

53. The main purpose of introducing 'mapping' in the primary Mathematics curriculum is/are

A. to promote spatial thinking
B. to promote proportional reasoning
C. to make subject easy and interesting
D. to break the monotony of numbers

(1) A & B
(2) B & C
(3) A & C
(4) A & D

54. A 180 cm long wire is formed into a rectangle. If the width of this rectangle is 30 cm, what is its length ?

(1) 90 cm
(2) 120 cm
(3) 45 cm
(4) 60 cm

55. When asked to write 44, some students of grade II wrote it as 404. As a teacher, how will you address this ?

(1) group them with those who have done it correctly
(2) tell them to find out correct answer
(3) correct their answer in their copies
(4) explain principle of exchange using concrete material

53. गणित के प्राथमिक पाठ्यक्रम में 'प्रतिचित्रण' का परिचय देने का मुख्य प्रयोजन है

A. त्रिविम विचार-क्षमता को प्रोत्साहन देना ।
B. आनुपातिक विवेचन को प्रोत्साहन देना ।
C. विषय को सरल और रुचिकर बनाना ।
D. संख्याओं की नीरसता को समाप्त करना ।

(1) A और B
(2) B और C
(3) A और C
(4) A और D

54. एक 180 cm लम्बी तार को एक आयत का रूप दिया गया । यदि आयत की चौड़ाई 30 cm है, तो इसकी लम्बाई क्या है ?

(1) 90 cm
(2) 120 cm
(3) 45 cm
(4) 60 cm

55. कक्षा II के छात्रों को 44 लिखने के लिए कहा गया, तो कुछ ने 404 लिखा । अध्यापक के रूप में आप इसको कैसे संबोधित करेंगे ?

(1) उनको उस समूह में रखेंगे, जिसने सही लिखा है ।
(2) उन्हें सही उत्तर प्राप्त करने के लिए कहेंगे ।
(3) उनकी कॉपियों में सही उत्तर लिखेंगे ।
(4) उन्हें मूर्त पदार्थ से विनिमय नियम समझायेंगे ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

56. Which of the following topics are not part of primary school Mathematics curriculum as per NCF 2005 ?

(1) Patterns

(2) Ratio

(3) Tessellation

(4) Symmetry

57. Which of the following resources/TLM can be used by the teacher to show that two rectangles of different dimensions can have same area without using formula ?

A. Scale

B. Graph paper

C. Thread

D. Tiles

(1) only C

(2) A & D

(3) only B

(4) B & D

56. एन सी एफ (राष्ट्रीय पाठ्यचर्या) 2005 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन से विषय प्राथमिक विद्यालय में गणित पाठ्यक्रम का भाग नहीं हैं ?

(1) प्रतिरूप

(2) अनुपात

(3) चौपड़ (टाइलिंग)

(4) सममिति

57. सूत्र का प्रयोग किए बिना अध्यापक, निम्नलिखित में से किन साधनों/शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रयोग यह दर्शाने के लिए कर सकता है, कि विभिन्न आयामों वाले दो आयतों का क्षेत्रफल समान हो सकता है :

A. पैमाना

B. ग्राफ पेपर

C. धागा

D. टाइल

(1) केवल C

(2) A और D

(3) केवल B

(4) B और D

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

58. **Which of the following is the most important aspect of making lesson plan while teaching Mathematics to primary school children ?**

(1) providing opportunities to students to allow construction of concepts.

(2) writing activities and questions for reference.

(3) following the sequence of text book.

(4) presenting mathematical concepts in structured manner.

59. **Which of the following could be contributing factor to underachievement in mathematics ?**

(1) Nature of Mathematics

(2) Innate ability of person

(3) Gender

(4) Socio-cultural backbroud

60. **Which of the following is the most appropriate strategy to explain that $\frac{1}{4}$ is less than $\frac{1}{3}$ ?**

(1) using Dienes blocks

(2) using number chart

(3) using LCM method

(4) using paper strips

58. **प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों को गणित पढ़ाने के लिए बनाई जाने वाली पाठ योजना का निम्नलिखित में से कौन सा अति महत्वपूर्ण पहलू है ?**

(1) विद्यार्थियों को अवसर देना कि वे संकल्पनाओं की संरचना करें

(2) क्रियाकलापों को लिखना और इस संदर्भ में प्रश्न देना ।

(3) पाठ्य-पुस्तक के अनुक्रम का अनुसरण करना

(4) गणितीय संकल्पनाओं को संरचनात्मक ढंग से प्रस्तुत करना

59. **निम्न में से गणित में उपलब्धि कम होने का कारण क्या हो सकता है ?**

(1) गणित का स्वरूप

(2) व्यक्ति की स्वाभाविक क्षमता

(3) लिंग

(4) सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि

60. **यह समझाने के लिए कि $\frac{1}{4}$, $\frac{1}{3}$ से छोटा है, निम्नलिखित में से कौन सी योजना सबसे अधिक उपयुक्त है ?**

(1) डाइनिस ब्लॉक्स (Dienes blocks) का प्रयोग

(2) संख्या चार्ट का प्रयोग

(3) लघुत्तम समापवर्तक विधि का प्रयोग

(4) कागज की पट्टियों का प्रयोग

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

## PART – III / भाग – III

## ENVIRONMENTAL STUDIES / पर्यावरण अध्ययन

**Directions :** Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.

**61.** **Children can be effectively engaged in EVS learning through**

- **A.** **Narratives**
- **B.** **Stories**
- **C.** **Effective explanation of concepts by the teacher**
- **D.** **Effective demonstration and explanation of concepts by the teacher**

(1) C and D only

(2) A, B and C

(3) A, C, D

(4) A and B only

**62.** **Objective/s of EVS teacher who encourages his/her children to observe animals and make pictures on their own is/are to**

- **A.** **Develop creativity of children**
- **B.** **Develop observation and design skills of children**
- **C.** **Develop aesthetic sense of children**

(1) B only

(2) A, B and C

(3) A only

(4) A and C only

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

**61.** **बच्चों को पर्यावरण अध्ययन सीखने में प्रभावशाली तरीके से जोड़ा जा सकता है**

- **A.** वृत्तांत
- **B.** कहानियाँ
- **C.** शिक्षक के द्वारा अवधारणाओं की प्रभावशाली व्याख्या
- **D.** शिक्षक के द्वारा अवधारणाओं का प्रभावशाली प्रदर्शन और व्याख्या

(1) केवल C और D

(2) A, B और C

(3) A, C, D

(4) केवल A और B

**62.** पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक के द्वारा बच्चों को जानवरों का अवलोकन और उनका चित्र बनाने को प्रेरित करने का उद्देश्य है

- **A.** बच्चों में सृजनात्मकता का विकास करना ।
- **B.** बच्चों में अवलोकन और रचना कौशलों का विकास करना ।
- **C.** बच्चों में सौंदर्यगत् संवेदना का विकास करना ।

(1) केवल B

(2) A, B और C

(3) केवल A

(4) केवल A और C

63. Which of the following principle of learning is followed in EVS ?

(1) Unknown to known
(2) Known to unknown
(3) Global to local
(4) Abstract to concrete

64. In EVS learning of crafts and arts while working in groups, is encouraged because

A. Group learning is easier and very effective strategy for teachers to tackle the problem of indiscipline of the class.
B. Group learning promotes peer learning.
C. Group learning improves social interactions.
D. Group learning help in completing the syllabus of EVS in time.

(1) B and C only
(2) C and D only
(3) A and D only
(4) B and D only

65. Which of the following is/are the most effective resource for EVS learning ?

A. Family members
B. Members of the community
C. Newspapers
D. Classroom

(1) A, B and C
(2) A and B only
(3) D only
(4) C and D only

63. निम्नलिखित सीखने के कौन से सिद्धांत का पर्यावरण अध्ययन में अनुसरण होता है ?

(1) अज्ञात से ज्ञात
(2) ज्ञात से अज्ञात
(3) वैश्विक से स्थानीय
(4) अमूर्त से मूर्त

64. पर्यावरण अध्ययन में शिल्पकला और चित्रकला को समूह में करके सीखने पर बल दिया जाता है क्योंकि –

A. कक्षा की अनुशासनहीनता को रोकने के लिए समूह में सीखना शिक्षकों के लिए एक आसान और बहुत प्रभावशाली युक्ति है ।
B. समूह में सीखना सहपाठी द्वारा सीखने को प्रोत्साहित करता है ।
C. समूह में सीखना कक्षा में सामाजिक अन्तःक्रिया को बेहतर करता है ।
D. समूह में सीखना पर्यावरण अध्ययन के पाठ्यक्रम को समय पर पूरा करने में सहायता करता है ।

(1) केवल B और C
(2) केवल C और D
(3) केवल A और D
(4) केवल B और D

65. निम्नलिखित में से क्या पर्यावरण अध्ययन को सीखने का सबसे प्रभावशाली संसाधन है ?

A. परिवार के सदस्य
B. समुदाय के सदस्य
C. समाचार-पत्र
D. कक्षा

(1) A, B और C
(2) केवल A और B
(3) केवल D
(4) केवल C और D

66. A teacher of class V conducts an activity in which she asks her children to drop some sugar on the ground and asks them to wait until the ants come there. Children can be given meaningful learning from this activity if teacher ______.

(1) encourages her/his children to observe, share their experiences followed by discussion on the activity.

(2) encourages her/his children to answer the questions at their home related to the activity.

(3) encourages her/his children to observe the activity

(4) encourages his/her children to share their experiences

67. **Which of the following is NOT a tool for Formative Assessment of learning in EVS ?**

(1) Anecdotal records

(2) Annual achievement test

(3) Portfolio

(4) Rating scale

68. **Which of the following should be avoided while assessing children in EVS ?**

(1) Use indicators for assessment

(2) Qualitative assessment of children's learning

(3) Judging the answers given by children in terms of right or wrong.

(4) Discuss "What we have learnt" given at the end of each chapter of EVS textbook of class V

66. एक कक्षा V की शिक्षक एक क्रियाकलाप का संचालन करती है जिसमें वह कक्षा के बच्चों से फर्श पर चीनी के कुछ दाने डालने को कहती है और उनको चींटियों के आने का इंतजार करने को कहती है ।

बच्चों को इस क्रियाकलाप से अर्थपूर्ण सीखने को मिल सकता है यदि शिक्षक –

(1) बच्चों को क्रियाकलाप का अवलोकन, अनुभव साझा और उस पर चर्चा करने को प्रेरित करती है ।

(2) बच्चों को क्रियाकलाप से संबंधित प्रश्नों को घर से करने को प्रेरित करती है ।

(3) बच्चों को क्रियाकलाप का अवलोकन करने को प्रेरित करती है ।

(4) बच्चों को अपने अनुभव साझा करने को प्रेरित करती है ।

67. निम्नलिखित में से कौन सा पर्यावरण अध्ययन में सीखने का रचनात्मक आकलन का साधन नहीं है

(1) वर्णन अभिलेख

(2) वार्षिक उपलब्धि परीक्षण

(3) पोर्टफोलियो

(4) क्रम निर्धारण मापनी

68. निम्नलिखित में से किसको पर्यावरण अध्ययन में बच्चों के आकलन में दूर करना चाहिए ?

(1) आकलन के संकेतकों का उपयोग ।

(2) बच्चों के सीखने के गुणात्मक आकलन ।

(3) बच्चों के उत्तरों को सही या गलत में आँकना ।

(4) कक्षा V के EVS पाठ्यपुस्तक में प्रत्येक पाठ के अंत में दिए गए 'आज हमने क्या सीखा' पर चर्चा ।

69. Which one of the following bird's species moves its neck back and forth with a jerk.

(1) Barbet
(2) Mynah
(3) Owl
(4) Crow

70. Consider the following list :

Tortoise, Crocodile, Crow, Duck, Fish

In this list which one of the following is different from the others ?

(1) Crocodile
(2) Tortoise
(3) Fish
(4) Crow

71.

| Column-I (City/State) | | Column-II (Most liked food) |
|---|---|---|
| A. Hongkong | I. | Boiled tapioca with any cury |
| B. Kerala | II. | Fish cooked in mustard oil |
| C. Kashmir | III. | Sea fish cooked in coconut oil |
| D. Goa | IV. | Chholay Bhature |
| | V. | Cooked Snakes |

The correct match of term of Column-I with that of Column-II is :

(1) A-V; B-III; C-II; D-I
(2) A-III; B-II; C-IV; D-I
(3) A-V; B-II; C-III; D-IV
(4) A-V; B-I; C-II; D-III

69. नीचे दिए गए पक्षियों की कौन सी प्रजाति झटके से अपनी गर्दन आगे-पीछे करती है ?

(1) बसन्त गौरी
(2) मैना
(3) उल्लू
(4) कौआ

70. नीचे दी गयी सूची पर विचार कीजिए :

कछुआ, घड़ियाल, कौआ, बत्तख, मछली

इस सूची में से निम्न में से कौन सा दूसरों से भिन्न है ?

(1) घड़ियाल
(2) कछुआ
(3) मछली
(4) कौआ

71.

| कॉलम- I (शहर/राज्य) | कॉलम – II (अत्यधिक पसन्द का भोजन) |
|---|---|
| A. हाँगकांग | I. किसी भी करी के साथ उबला टैपिओका |
| B. केरल | II. सरसों के तेल में बनी मछली |
| C. कश्मीर | III. नारियल के तेल में बनी समुन्दर की मछली |
| D. गोआ | IV. छोले-भटूरे |
| | V. पकाया हुआ साँप |

कॉलम-I की मदों का कॉलम-II की मदों से सही मिलान है –

(1) A-V; B-III; C-II; D-I
(2) A-III; B-II; C-IV; D-I
(3) A-V; B-II; C-III; D-IV
(4) A-V; B-I; C-II; D-III